# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांक–परीक्षा/222/2025–26 दिनांक– 29 दिसम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 193, दिनांक– 27 नवम्बर, 2025 में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, कम्प्यूटर सहायक–सह स्वागतकर्ता ,कनिष्ठ सहायक, स्वागती, मेट, कार्यपर्यवेक्षक व आवास निरीक्षक के रिक्त पदों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु कार्यक्रम दिनांक 01 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 01 जनवरी, 2026 तक आयोग कार्यालय में गतिमान है।

अवगत कराना है कि आयोग द्वारा उक्त निर्धारित तिथियों में अभिलेख सन्निरीक्षा में सम्मिलित न होने के संबंध में निम्न अभ्यर्थियों के द्वारा आतिथि तक प्राप्त प्रत्यावेदन के माध्यम से किये गये अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ–04 के अनुसार अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | अभ्यर्थी का नाम | प्रत्यावेदन | अभिलेख सन्निरीक्षा की नवीन निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | बहादुर सिंह बाफिला अनुक्रमांक 2502260131 | अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन में स्वास्थ्य संबंधी कारण से पूर्व निर्धारित तिथि में परिवर्तन हेतु अनुरोध । | अभ्यर्थी की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु नवीन तिथि **01 जनवरी, 2026** को निर्धारित की जाती है। |
| 2 | दीपक चंद अनुक्रमांक 2509260238 | अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन में अन्य प्रतियोगी परीक्षा होने के कारण पूर्व निर्धारित अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि में परिवर्तन का अनुरोध। | –उक्तवत्– |
| 3 | संजय कुमार अनुक्रमांक 2407260012 | अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन में माताजी की गम्भीर रूप से बीमार होने के कारण अनुपस्थित तथा अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु नवीन तिथि का अनुरोध। | –उक्तवत्– |

उक्त निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा अपने पूर्व निर्धारित अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को अनुपस्थित होने के संबंध में वैध प्रमाण /साक्ष्य प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उक्त तिथि के अतिरिक्त अभिलेख सन्निरीक्ष हेतु कोई अन्य तिथि नहीं दी जायेगी।

अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप आवेदन पत्र में शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र अंकित किए गए, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व 06 पास–पोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि को प्रातः 09.30 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

29/12/25

(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)

सचिव।